कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री घनश्याम सिंह गुर्जर निवासी ग्राम धपावन कलां पोस्ट कोलाना तहसील बसवा जिला दौसा राज0 303313

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी बांदीकुई

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

अपील संख्या 38/2025

निर्णय दिनांक 13.6.2025

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी बांदीकुई से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वांछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी बांदीकुई को प्राप्त पत्रादि की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी बांदीकुई को पत्र कमांकः डीएम/कोर्ट/2025/1274 दिनांक 19.5.2025 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी बांदीकुई ने पत्र कमांकः आरटीआई/2025/406 दिनांक 6.6. 2025 के द्वारा अवगत कराया गया है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति की रिपोर्ट पत्र कमांकःआरटीआई/2025/398 दिनांक 03.06.2025 के द्वारा प्रेषित की जा चुकी है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा

जिला कलक्टर दौसा

कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दौसा

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.10.01 11:46:08 IST
Reason: SelfAttested